आधशासा आभयन्ता, खण्ड कायालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), डोड़ाघाट ललितपुर।

Phone No. :- 05176-276732 Email Add.:- pmjalltp@gmail.com

पत्रांक 3283 / ब-29 / 321 दिनांक:- 12-11-2026

सेवा मे

जिलाधिकारी महोदय,
ललितपुर।

विषय – **समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "लीकेज से रास्ते पर कीचड़, ट्रेक्टर फंसा : सिंगेपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन से फैला पानी : ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की" के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र दैनिक भास्कर ललितपुर के दिनांक 07.11..2026 में प्रकाशित खबर **"लीकेज से रास्ते पर कीचड़, ट्रेक्टर फंसा : सिंगेपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन से फैला पानी : ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की"** के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम सिंगेपुर में जल जीवन मिशन के तहत बिछायी गयी पाइपलाइन हेतु खोदी गयी सड़क की मरम्मत न होना व लीकेज से सड़क पर पानी जमा होना, दर्शाया गया है।

उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि ग्राम सिंगैपुर, मसौरा–सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि खजुरिया रोड पर पाइपलाइन लीकेज होने के कारण जलभराव हो रहा था, उक्त लीकेज पर कच्ची सड़क होने के कारण ट्रैक्टर फंस गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा टीम लगाकर लीकेज मरम्मत का कार्य करा दिया गया है एवं उक्त कच्ची सड़क की बैकफिलिंग कराकर सड़क को भी दुरूस्त करा दिया गया है।



अतः उक्त शिकायत को अपने स्तर से निक्षेपित करने की कृपा करे।

भवदीय

(अरूण कुमार बौद्ध)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि –निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2. मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
4. जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर।
5. E-Mail अपलोड 12-11-2026

अधिशासी अभियन्ता